# परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था हेतु ई–निविदा वर्ष 2018

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 23 /भण्डार/2018 — भोपाल, दिनांकः 19-4-2018

### विश्वविद्यालय परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था हेतु प्रथम ई–निविदा वर्ष 2018

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर हेतु **साफ सफाई व्यवस्था–2018** की आन–लाइन प्रथम ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, निविदा शर्ते, अन्य विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट https://www.mpeproc.gov.in पर लाग–आन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5,000=00 (रू. पांच हजार मात्र) तथा सुरक्षा निधि रूपये 1,00,000=00 (रू. एक लाख मात्र) हैं। इन्हें आन–लाइन जमा किया जाना है।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 42,00,000=00(रू. बयालीस लाख मात्र) है। प्रकाशन पश्चात निविदा में अथवा निविदा खोलने की तिथियों में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाइट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है–

| सं.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की तिथि | 19-4-2018 | 15-00 |
| 02 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 10-5-2018 | 15-00 |
| 03 | निविदा फार्म आन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 10-5-2018 | 17-00 |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि (निविदा फार्म तथा सुरक्षा निधि राशि) | 11-5-2018 | 13-30 |
| 05 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 11-5-2018 | 16-00 |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 21-5-2018 | 13-30 |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब–साइट www.bubhopal.ac.in पर भी उपलब्ध है।

कुलसचिव

Store Officer (Store)
Barkatullah University, Bhopal

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था हेतु निविदा (वर्ष–2018)

## भाग – 1

## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे निविदा प्रपत्र भरने / प्रस्तुत करने के पूर्व निविदा से संबंधित समस्त अर्हतायें, शर्तें एवं कार्य से संबंधित प्रक्रिया के बारे में दिये गये विवरणों को सावधानी पूर्वक पढ़ ले एवं विश्वविद्यालय परिसर में सम्पूर्ण कार्यस्थल का भ्रमण कर कार्य के संबंध में समस्त जानकारी स्पष्ट प्राप्त कर ले। निविदा के संबंध में किसी स्पष्टीकरण एवं शंका समाधान के लिए कार्यालयीन समय में विश्वविद्यालय स्टोर से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

1.2 <u>कार्य का परिचय</u> :– बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद मार्ग (एन.एच.–12) पर स्थित है। परिसर के क्षेत्रफल लगभग 350 एकड़ है। इस परिसर में प्रशासनिक भवन, विभिन्न शैक्षणिक भवन, छात्रावास, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारियों के आवास गृह, अतिथि गृह, ज्ञान विज्ञान भवन, खेल परिसर, केन्द्रीय पुस्तकालय एवं अन्य भवन आदि हैं । विश्वविद्यालय परिसर की साफ–सफाई हेतु कम से कम 1 सुपरवाईजर, 50 सफाई कर्मियों की सेवाओं के लिए ई– निविदा आमंत्रित की जा रही है। इस संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है।

| सं0क्र0 | पदनाम | न्यूनतम मासिक देयता नियत करने का आधार |
|---|---|---|
| 01 | सफाई सुपरवाईजर | कुशलकर्मी के समकक्ष, श्रमायुक्त द्वारा समय–समय पर निर्धारित वेतन |
| 02 | सफाईकर्मी पुरुष / महिला | अकुशलकर्मी के समकक्ष, श्रमायुक्त द्वारा समय–समय पर निर्धारित वेतन |

1.3 निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://mpeproc.gov.in से डाउनलोड करें। निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेब साइट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

1.4 परिसर की सफाई व्यवस्था हेतु ई–निविदा की वेब–साईट https://mpeproc.gov.in पर आन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना है। निविदा में अथवा निविदा खोलने की तिथि में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जावेगी। निविदा का प्रतिवर्ष अनुमानित मूल्य रू. 42,00,000=00(रू. बयालीस लाख मात्र) है।

1.5 निविदा आन–लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है–

| सं.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथि | 10-4-2018 | 15-00 |
| 02 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 10-5-2018 | 15-00 |
| 03 | निविदा फार्म आन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 14-5-2018 | 17-00 |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि (निविदा फार्म तथा सुरक्षा निधि राशि ) | 11-5-2018 | 15-30 |
| 05 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 11-5-2018 | 16-00 |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 21-5-2018 | 15-30 |

1.6 अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा खोली नही जा सकी तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर दोपहर 3-30 पर खोली जायेगी।

Section Officer (Store)
Barkatullah University, Bhopal

<u>निविदा की प्रक्रिया निम्नानुसार है:–</u>

1.7 **<u>चरण–1:</u>** निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5,000=00 (रूपये पाँच हजार मात्र) हैं तथा सुरक्षा निधि रूपये 1,00,000=00 (रूपये एक लाख मात्र) हैं। इन्हें आन–लाईन निविदा के साथ जमा किया जाना हैं। जमा की दोनो रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं। उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षानिधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को चरण–2 के लिए योग्य माना जायेगा।

1.8 **<u>चरण–2:</u>** उपरोक्त चरण–1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही तकनीकी निविदा खोली जावेगी। निविदा के भाग–2 में दर्शित प्रपत्र / दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज स्केन कर अपलोड किये जाने हैं। उपरोक्त प्रक्रिया में योग्य पाये जानेवाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

1.9 **<u>चरण–3</u>** : (तत्पश्चात उपरोक्त चरण 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी।) वित्तीय निविदा को भी आन–लाइन ही प्रस्तुत किया जाना हैं।

Section Officer (Store)
Barkatullah University, Bhopal

## भाग – 2
## निविदा की अर्हकारी शर्तें

सफाई व्यवस्था हेतु निविदा पात्रता की शर्तें निम्नांकित है जिनके अभाव में निविदा आवेदन निरस्त कर दिया जावेगा:–

2.1 वर्तमान में सफाई ऐजेन्सी में कितने कर्मचारी कार्यरत हैं। नाम, पदनाम एवं वेतन का विवरण <u>प्रपत्र–1</u> में देवे।

2.2 निविदाकर्ता फर्म को <u>प्रपत्र–2</u> अनुसार फर्म की जानकारी तथा घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।

2.3 निविदाकर्ता फर्म को <u>प्रपत्र–3</u> अनुसार शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। साथ ही निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम, सहकारी संघ से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 1000=00 (रू. एक सौ मात्र) के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर लिखित प्रस्तुत किया जाय। इसके अभाव में निविदा मान्य नहीं की जावेगी।

2.4 श्रम विभाग का पंजीयन क्रमांक, दिनांक एवं क्षमता की जानकारी (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें)

2.5 सफाई ऐजेन्सी के पास म0प्र0 स्थापना पंजीयन अधिनियम 1958 अथवा कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत् पंजीबद्ध होना अनिवार्य है। निविदाकर्ता को वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की छाया प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं।

2.6 कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय का पंजीयन क्रमांक (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें)

2.7 कर्मचारी राज्य बीमा निगम का पंजीयन क्रमांक (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें)

2.8 सर्विस टैक्स खाता क्रमांक (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें)

2.9 PANCARD (आयकर) की प्रति संलग्न करें।

2.10 फर्म का इनकम टैक्स के पिछले तीन असेसमेन्ट वर्ष 2017–18, 2016–17, 2015–16, का इनकम टैक्स रिटर्न (ITR)की छाया प्रति संलग्न करें।

2.11 निविदा जारी होने की तिथि के बाद 25 लाख की बैंक सालवेन्सी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

2.12 न्यूनतम 150 सफाई कर्मियों के ई.पी.एफ. कटोत्रे का प्रमाण पत्र विगत छः माह की छाया प्रति संलग्न करें।

2.13 न्यूनतम 150 सफाई कर्मियों के ई.एस.आई.सी. कटोत्रे का प्रमाण पत्र विगत छः माह की छाया प्रति संलग्न करें।

2.14 न्यूनतम 150 सफाई कर्मियों के सर्विस टैक्स जमा करने का प्रमाण पत्र विगत छः माह का की छाया प्रति संलग्न करें।

Section Officer (Store)
Barkatullah University, Bhopal

2.15 न्यूनतम 150 श्रमिकों से कार्य कराने का [illegible] जो निविदा की तिथि के पूर्व का हो की छाया प्रति संलग्न करें।

2.16 निविदाकार को साफ–सफाई व्यवस्था के क्षेत्र में पिछले 03 वर्षों का अनुभव होना चाहिए। पिछले तीन वित्त वर्षों (2016–17, 2015–16, 2014–15) का सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें। <u>प्रपत्र–4</u> अनुसार ।

2.17 विगत 3 वित्त वर्षों में (2016–17, 2015–16, 2014–15) में से किन्हीं 2 वित्त वर्ष में टर्न ओव्हर केवल सफाई कार्य का रू. 1=00 करोड़ का चार्टेड एकाउन्टेन्ट का प्रमाण पत्र संलग्न <u>प्रपत्र–5</u> में तथा <u>अंकेक्षित लेखे एवं बैलेन्सशीट चार्टेड एकाउन्टेन्स</u> से सत्यापित संलग्न करें।

**स्पष्टीकरण:–** सिर्फ सफाई कार्य का टर्न ओवर ही संलग्न करें। सुरक्षा कर्मियो एवं अन्य कार्यो से संबंधित राशि जोड़ने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगी।

2.18 विगत 3 वर्षों में किसी एक वर्ष में शासकीय विभाग, अर्द्धशासकीय विभाग, सार्वजनिक उपक्रम, सहकारी संघ आदि में कम से कम 150 सफाई कर्मियों से सुरक्षा कार्य कराने का अनुभव एवं कार्यादेश संलग्न करना अनिवार्य है।

2.19 सफाई ऐजेन्सी के विरुद्ध कोई अपराधिक प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए साथ ही उसे किसी अपराधिक मामले में किसी सक्षम न्यायालय द्वारा दोषी नहीं ठहराया गया हो। शपथ पत्र संलग्न करे।

2.20 साफ सफाई ऐजेन्सी के पास पुलिस विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण – पत्र होना चाहिए।

2.21 संयुक्त उद्यम होने की स्थिति में अनुबन्ध की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें।

2.22 सफाई फर्म / संस्था / कम्पनी / ऐजेन्सी द्वारा समय–समय पर कार्यालय कलेक्टर जिला–भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा दैनिक वेतनभोगी, श्रमिकों एवं कर्मचारियों हेतु जारी किए गए आदेशों में उल्लेखित दरों के अनुसार ही सफाईकर्मी (अकुशल श्रेणी) एवं सुपरवाईजरों (कुशल श्रेणी) अनुसार भुगतान किया जावेगा।

किसी भी स्थिति मे सुरक्षा कर्मियों का कलेक्टर द्वारा निर्धारित दर से कम भुगतान नहीं किया जावेगा।

2.23 सफाई / संस्था / कम्पनी / ऐजेन्सी द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए निविदा प्रपत्र में मात्र उनके द्वारा मात्र सेवाएं प्रदान करने के लिए सर्विस चार्ज प्रतिशत के रूप में अंकित करना होगा। सर्विस चार्ज कर सहित होना चाहिए। विश्वविद्यालय के द्वारा नियमानुसार तत्समय लागू कलेक्टर दर ई.पी.एफ. ई.एस.आई.सी., बोनस, वीकली रेस्ट का भुगतान एवं अन्य वैधानिक परिलब्धियां जो नियमानुसार देय / लागू होंगी उनका भुगतान किया जावेगा।

2.24 निविदाकर्ता द्वारा शून्य सेवा शुल्क उल्लेखित किए जाने पर निविदा अमान्य की जावेगी। सफाईकर्मी एवं सुपरवाईजर का सर्विस चार्ज की दर एक ही होना चाहिए।

2.25 कलेक्टर द्वारा जारी किए आदेश [illegible] विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं शासन की वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र के साथ दी गई है। चूंकि उपरोक्त कलेक्टर दरें समय–समय पर पुनरीक्षित की जाती है अतः सुरक्षा अनुबन्ध की अवधि में किसी भी समय देय दरें शासन द्वारा मान्य दरों से कम नहीं होगी ।

[illegible] विश्वविद्यालय भोपाल

2.26 निविदाकर्ता फर्म को प्रपत्र–9 के अनुसार श्रम कानून के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने के संबंध में घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।

2.27 निविदाकर्ता को वित्तीय बिड प्रपत्र–7 में सिर्फ सर्विस चार्ज अंकित करना होगा। उन्हें ई.एस.आई.ई.पी.एफ. वीकली रेस्ट आदि को सम्मिलित करते हुए तत्समय प्रभावशील दरों के अनुसार भुगतान किया जावेगा। शून्य सेवा शुल्क अमान्य किया जावेगा।

2.28 वित्तीय निविदा प्रपत्र–7 में निविदाकार के द्वारा लिये जाने वाले सेवा शुल्क के आधार पर सफल निविदाकार का चयन किया जावेगा। अतः निविदाकार द्वारा यह सुनिश्चित करना होगा कि सेवा शुल्क में उसके अन्य प्रशासनीय, पत्राकीय व्यय इत्यादि भी सम्मिलित रहेंगे। इस बाबत पृथक से कोई राशि देय नहीं होगी।

2.29 संलग्न दस्तावेजों का संबंधित विभाग से सत्यापन कराया जा सकेगा दस्तावेजों में कोई विसंगति पाये जाने पर विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा एवं सुरक्षा निधि राजसात की जा सकेगी।

2.30 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न न किया माना जावेगा। संलग्न दस्तावेजों की सूची तथा पृष्ठ संख्या अंकित करें।

2.31 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र तथा निविदा की शर्तों के अनुसार ही स्वीकार की जावेगी। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रपत्रों को अनिवार्यतः निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये 5,000=00 (रु. पांच हजार मात्र) वापसी योग्य नहीं है।

Section Officer (Store)
Barkatullah University, Bhopal

# परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था हेतु ई–निविदा वर्ष 2018

फर्म को निम्नांकित दस्तावेज स्कैन कर ई–निविदा के साथ अपलोड करना है।

| सं.क्रं. | दस्तावेज का नाम जिसे निविदा के साथ अपलोड करना है तथा प्रत्येक दस्तावेज पर फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील लगी होना चाहिए |
|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5,000=00 (रूपये पाँच हजार मात्र) आन लाईन जमा की गई राशि । |
| 2 | सुरक्षा निधि रूपये 1,00,000=00 (रूपये एक लाख मात्र) आन लाईन जमा की गई राशि की रसीद । |
| 3 | वर्तमान में सफाई ऐजेन्सी में कितने कर्मचारी कार्यरत हैं। नाम, पदनाम एवं वेतन का विवरण प्रपत्र–1 में देवें। |
| 4 | निविदाकर्ता फर्म को प्रपत्र–2 अनुसार फर्म की जानकारी तथा घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। |
| 5 | निविदाकर्ता फर्म को प्रपत्र–3 अनुसार शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। साथ ही निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम, सहकारी संघ से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 1000=00 (रू. एक सौ मात्र) के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय। इसके अभाव में निविदा मान्य नहीं की जावेगी। |
| 6 | श्रम विभाग का पंजीयन क्रमांक, दिनांक एवं वैधता की जानकारी (पंजीयन दस्तावेज की प्रति संलग्न करें) |
| 7 | सफाई ऐजेन्सी के पास म0प्र0 स्थापना पंजीयन अधिनियम 1958 अथवा कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत पंजीबद्ध होना अनिवार्य है। निविदाकर्ता को वैध पंजीयन प्रमाण पत्र की छाया प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। |
| 8 | कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय का पंजीयन क्रमांक (पंजीयन दस्तावेज की प्रति) |
| 9 | कर्मचारी राज्य बीमा निगम का पंजीयन क्रमांक (पंजीयन दस्तावेज की प्रति) |
| 10 | सर्विस टैक्स खाता क्रमांक (पंजीयन दस्तावेज की प्रति) |
| 11 | PANCARD (आयकर) की प्रति । |
| 12 | फर्म का इनकम टैक्स के पिछले तीन असेसमेन्ट वर्ष 2017–18, 2016–17, 2015–16, का इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) जमा का छाया प्रति । |
| 13 | निविदा जारी होने की तिथि के बाद 25 लाख की बैंक सालवेन्सी प्रमाण पत्र । |
| 14 | न्यूनतम 150 सफाई कर्मियों के ई.पी.एफ. कटोत्रा का प्रमाण पत्र (विगत छः माह की छाया प्रति।) |
| 15 | न्यूनतम 150 सफाई कर्मियों के ई.एस.आई.सी. कटोत्रा का प्रमाण पत्र (विगत छः माह की छाया प्रति।) |
| 16 | न्यूनतम 150 सफाई कर्मियों के सर्विस टैक्स राशि जमा का प्रमाण पत्र (विगत छः माह की छाया प्रति।) |
| 17 | न्यूनतम 150 श्रमिकों से कार्य कराने का लेबर लायसेन्स जो निविदा की तिथि के पूर्व का हो की (छाया प्रति) |

Section Officer (...)

| | |
|---|---|
| 18 | निविदाकार को साफ–सफाई व्यवस्था के क्षेत्र में पिछले 03 वर्षों का अनुभव होना चाहिए। पिछले तीन वित्त वर्षों (2016–17, 2015–16, 2014–15) का सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें। प्रपत्र–4 अनुसार । |
| 19 | विगत 3 वित्त वर्षों में (2016–17, 2015–16, 2014–15) में से किन्ही 2 वित्त वर्ष में टर्न ओव्हर केवल सफाई कार्य का रु. 1–00 करोड़ का चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट का प्रमाण पत्र संलग्न प्रपत्र–5 में तथा अंकेक्षित लेखे एवं बेलेन्सशीट चार्टर्ड एकाउन्टेन्स से सत्यापित संलग्न करें।<br><br>स्पष्टीकरण:– सिर्फ सफाई कार्य का टर्न ओवर ही संलग्न करें। सुरक्षा कर्मियों एवं अन्य कार्यों से संबंधित राशि जोड़ने पर निविदा निरस्त कर दी जावेगी। |
| 20 | विगत 3 वर्षों में किसी एक वर्ष में शासकीय विभाग, अर्द्धशासकीय विभाग, सार्वजनिक उपक्रम, सहकारी संघ आदि में कम से कम 150 सफाई कर्मियों से कार्य कराने का अनुभव एवं कार्यादेश की प्रमाणिक प्रतियां एवं जानकारियां संलग्न करना अनिवार्य है। |
| 21 | सफाई ऐजेन्सी के विरुद्ध कोई अपराधिक प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए साथ ही उसे किसी अपराधिक मामले में किसी सक्षम न्यायालय द्वारा दोषी नहीं ठहराया गया हो। शपथ पत्र संलग्न करें। |
| 22 | साफ सफाई ऐजेन्सी के पास पुलिस विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण – पत्र होना चाहिए। |
| 23 | संयुक्त उद्यम होने की स्थिति में अनुबन्ध की प्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें। |
| 24 | निविदाकर्ता फर्म प्रपत्र–6 अनुसार श्रम कानून के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने के संबंध में घोषणा पत्र प्रस्तुत करें। |

## भाग – 3
## अन्य कार्य विवरण एवं सुरक्षा ऐजेन्सी के दायित्व

3.1 सफाई ऐजेन्सी को आवश्यकतानुसार सफाईकर्मी उपलब्ध कराना होगा। विश्वविद्यालय को इनकी संख्या में कमी या वृद्धि करने का अधिकार होगा।

3.2 सफाई ऐजेन्सी को विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार स्थानों पर सफाई कार्य करना होगा।

3.3 सफाईकर्मी की ड्यूटी 8 घंटे किये जाने की जवाबदारी सफाई ऐजेन्सी की होगी ।

3.4 सफाईकर्मियों की निवास/वर्दी की व्यवस्था सुरक्षा ऐजेन्सी को स्वयं करनी होगी। विश्वविद्यालय की ओर से कोई निवास/वर्दी की व्यवस्था नहीं की जावेगी।

3.5 सफाई ऐजेन्सी किसी सब ऐजेन्सी से कार्य नहीं करायगी।

3.6 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष अनुबन्ध समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक है। आपात स्थिति में विश्वविद्यालय के पास कभी भी अनुबन्ध समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

3.7 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

3.8 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.9 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

3.10 सफाई ऐजेन्सी को भुगतान प्रतिमाह उसके देयक के आधार पर कार्य का सत्यापन करने के उपरान्त किया जावेगा।

3.11 करों की कटौत्री विश्वविद्यालय द्वारा भुगतान के पूर्व एट सोर्स्स किया जावेगा किन्तु इसका तात्पर्य यह नही है कि जो टेक्स विश्वविद्यालय द्वारा एट सोर्स्स नहीं काटे गये है उनके दायित्व से निविदाकार मुक्त माना जावेगा।

3.12 समस्त प्रकार के करों को चुकाने की जिम्मेदारी ऐजेन्सी की होगी।

3.13 सफाईकर्मी कार्य की अवधि में किसी प्रकार से दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सुरक्षा ऐजेन्सी की होगी।

3.14 सफाई व्यवस्था असंतोषजनक पाये जाने पर अथवा विश्वविद्यालय की चल एवं अचल संपत्ति का अनुबन्ध की अवधि में नुकसान होने पर ऐसे नुकसान के लिए भरपाई ऐजेन्सी द्वारा जमा धरोहर / सुरक्षा निधि को राजसात कर तथा अन्य देयकों के भुगतान से कटौत्री की जावेगी।

3.15 निविदाकार तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा। जो दोनो पक्षों का मान्य होगा।

Section Officer (Store)
Barkatullah University, Bhopal

3.16 निविदाकर्ता द्वारा सफाई व्यवस्था में संलग्न कर्मियों की योग्यता एवं सफाई कार्य की गुणवत्ता का समय–समय पर विभागीय समिति द्वारा निरीक्षण किया जा सकेगा तथा सफाई कार्य की गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर धरोहर राशि से शास्ति काटकर निविदा को निरस्त किया जा सकता है।

3.17 निविदा की शर्तों का उल्लंघन अथवा संबंधित सफाईकर्मियों की कार्य पर से अनुपस्थिति अथवा कार्यालयीन समय पर अभद्र व्यवहार, सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा नशे की हालत में पाये जाने पर विश्वविद्यालय द्वारा सुरक्षा ऐजेन्सी पर निम्नानुसार क्षतिपूर्ति की राशि वसूल की जा सकेगी।

| स.क्र. | विवरण | क्षतिपूर्ति की राशि प्रतिदिन, प्रति व्यक्ति |
|---|---|---|
| 01 | सफाईकर्मी यूनिफार्म में न होने पर | रू. 200=00 |
| 03 | सफाईकर्मी अनुपस्थित होने पर | रू. 500=00 |
| 04 | सफाईकर्मी के पास आई.कार्ड न होने पर | रू. 200=00 |
| 05 | सुपरवाईजर के पास मोबाईल फोन न होने पर | रू. 200=00 |
| 06 | अभद्र व्यवहार, सफाई व्यवस्था में लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा नशे की हालत में पाये जाने पर | रू. 1000=00 से रू. 10,000=00 तक |
| 07 | विश्वविद्यालय परिसर की सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने पर क्षतिपूर्ति | रू. 1000=00 से लेकर नुकसान हुई सम्पत्ति की वास्तविक राशि तक |
| 08 | संस्था द्वारा अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन या विश्वविद्यालय के निर्देशों का न मानने पर | रू. 10,000=00 या निविदा निरस्त करते हुए धरोहर राशि राजसात की जायेगी। |
| 09 | परिसर में चोरी होने पर | क्षति की वास्तविक राशि की क्षतिपूर्ति |

3.18 निविदा मान्य होने की स्थिति में निविदाकर्ता को दस कार्य दिवसों के अंदर विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ अनुबंध करना होगा। यह अनुबन्ध, कार्य आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिये प्रभावी होगा। सफाई ऐजेन्सी द्वारा दी जाने वाली सफाई व्यवस्था कार्यावधि के दौरान सन्तोषजनक पाये जाने पर कार्य अवधि आपसी सहमति से प्रतिवर्ष के मूल्यांकन के हिसाब से एक–एक वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा इसे अधिकतम 3 वर्षों तक ही बढ़ाया जा सकेगा।

3.19 निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जावेगा।

3.20 विश्वविद्यालय द्वारा चाही गयी अमानत राशि एवं अन्य आवश्यक विवरण एवं जानकारियों के अभाव में प्राप्त निविदाएं निरस्त मानी जावेगी।

3.21 निविदा निर्धारित तिथि एवं समय पर विश्वविद्यालय कार्यालय में खोली जावेगी। निविदा खोलते समय निविदाकर्ता स्वयं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते हैं।

3.22 बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पास किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को सकारण निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

3.23 यदि एक बार सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय द्वारा सुरक्षा ठेके का प्रस्ताव दिया है एवं संबंधित निविदाकर्ता अपने निविदा निष्पादित करने में असफल होता है अथवा निविदा वापस लेना

Officer (Estate)
Barkatullah University, Bhopal

चाहता है तो ऐसी दशा में उनके द्वारा जमा की गई अमानत राशि विश्वविद्यालय द्वारा जप्त कर ली जावेगी।

3.24 ऐजेन्सी द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले सफाईकर्मी की आयु 65 वर्ष (कार्यावधि में) से अधिक नही होना चाहिए एवं उनका स्वास्थ्य संबंधी प्रमाण पत्र निविदा मान्य होने पर संलग्न करना अनिवार्य है। तत्पश्चात सफाईकर्मियों का प्रत्येक छः माह में ऐजेन्सी के व्यय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना होगा।

3.25 निविदाएं बिना किसी शर्त के दिये जावेंगें ।

3.26 निविदाकारों द्वारा दी गई सर्विस चार्ज की दर समान होने पर समिति स्व विवेक से पैरामीटर / प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

3.27 सफाईकर्मियों द्वारा पहने जाने वाली यूनिफार्म, मास्क एवं दस्ताने का प्रबन्ध निविदाकर्ता ऐजेन्सी को स्वयं के व्यय पर करना होगा।

3.28 सफाईकर्मियों को भोजन, परिवहन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान करना सफाई ऐजेन्सी का दायित्व होगा। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की यह जिम्मेदारी नही होगी।

3.29 सफाईकर्मियों के इन्सुरेन्स की जिम्मेदारी सुरक्षा ऐजेन्सी की होगी। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय सफाईकर्मियों के साथ कोई हुई दुर्घटना अथवा नुकसान का जिम्मेदार नहीं होगा।

3.30 सभी सफाईकर्मियों का बॉयोडाटा नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ सफाई ऐजेन्सी अपने स्वयं के व्यय पर कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को सौपेंगी।

3.31 कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के मांगे जाने पर सफाई ऐजेन्सी अपने रिकार्ड जांच एवं सत्यापन के लिए प्रस्तुत करेगी।

3.32 सफाई ऐजेन्सी की जिम्मेदारी होगी कि वह सुरक्षाकर्मियों का प्रोविडेन्ट फण्ड ESIC Contribution एवं अन्य सरचार्ज नियमानुसार जमा करेंगे एवं इसकी सत्यापित प्रति आगामी माह के बिल के साथ प्रस्तुत करेंगे। इसके अभाव में भुगतान की कार्यवाही नही की जावेगी।

3.33 सफाई एजेन्सी द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर सफाई ऐजेन्सी के विरुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि राशि राजसात कर ली जावेगी।

3.34 निविदा स्वीकृत होने की स्थिति में एक वर्ष की कुल लागत राशि 5 प्रतिशत राशि के बराबर राशि की एफ.डी.आर./बैंक गारंटी विश्वविद्यालय में जमा करनी होगी। यह राशि सुरक्षा निधि राशि को मिलाकर होगी।

3.35 विश्वविद्यालय के मांगे जाने पर सफाई ऐजेन्सी को महिला सफाईकर्मी उपलब्ध करवाने होंगे। ऐजेन्सी द्वारा यह भी सुनिश्चित करना होगा कि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित समस्त महिला टायलेट की सफाई का कार्य महिला सफाईकर्मियों द्वारा ही किया जावे।

Barkatullah University Bhopal

3.36 निविदाकर्ता फर्म को ड्यूटी पर तैनात सफाईकर्मियों के लिए आवश्यक राशि का दुर्घटना बीमा / समूह बीमा मान्यता प्राप्त बीमा कम्पनी से कराना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार के दुर्घटना, क्लेम विश्वविद्यालय द्वारा देय नहीं होगा। इसका समस्त उत्तरदायित्व निविदाकर्ता फर्म का होगा।

3.37 सफल निविदाकर्ता ऐजेन्सी को साफ–सफाई कार्य हेतु लगने वाली सामग्री जैसे – मशीने, उपकरण तथा केमीकल्स यथा ऐसीड, झाडू, पोछा, फिनाईल, नेफ्थलीन बॉल, फ्लोर क्लीनर, टॉयलेट क्लीनर इत्यादि समस्त सामग्री पर होने वाले समस्त व्यय को वहन करना होगा तथा उपरोक्त पर होने वाले व्यय योग प्रतिमाह दर को वित्तीय निविदा में पृथक से दर्शाना होगा।

3.38 निविदाकर्ता द्वारा उपयोग में लाई जाने वाली सफाई सामग्री की गुणवत्ता की जांच विभागाध्यक्ष / विश्वविद्यालय भंडार द्वारा की जावेगी। जो निविदाकर्ता को मान्य करनी होगी।

3.39 कार्यालय एवं शैक्षणिक विभागों के सफाई का कार्य कार्यालय एवं शैक्षणिक विभागों के प्रारम्भ होने के पूर्व करना होगा।

3.40 सफाई ऐजेन्सी को आवश्यकता पड़ने पर मृत जानवरों या पक्षियों को गाड़ने / फेंकने का कार्य भी करना होगा।

3.41 भवनो एव प्रसाधनों की सफाई का कार्य यांत्रिकी मशीनों से मेकेनाईज्ड क्लीनिंग द्वारा किया जाना आवश्यक है। इस हेतु निविदाकार को विश्वविद्यालय परिसर में न्यूनतम 02 हाई प्रेशर जेट मशीन, ड्राय एण्ड वेट वैक्यूम क्लीनर, 02 सिंगल डिस्क स्क्रबर मशीन लगाना अनिवार्य होगा। उक्त मशीनें निविदाकार के पास उपलब्ध है इस बावत प्रमाण देना होगा।

3.42 सफाई ऐजेन्सी को प्रतिदिन अधिकारियों / अध्यापकों के कक्षों में प्रतिदिन रूम फ्रेशनर का छिड़काव करना होगा।

3.43 सफाई ऐजेन्सी को देयक के साथ पिछले माह में भुगतान के विरुद्ध आयुक्त भविष्य निधि कार्यालय तथा कर्मचारी राज्य बीमा निगम में जमा की गई राशि की रसीद की प्रति प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

<u>वित्तीय निविदा भरने के निर्देश</u> :–

3.44 निविदाकर्ता द्वारा इस प्रपत्र में दी जाने वाली वित्तीय दर कार्यालय कलेक्टर जिला–भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों हेतु प्रतिमाह दी जाने वाली मासिक दरों के आधार पर देनी होगी। चूंकि उपरोक्त दरें समय – समय पर पुनरीक्षित की जाती है। अतः अनुबन्ध की अवधि में किसी भी समय पर दरें कार्यालय कलेक्टर जिला–भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा मान्य दरों को ही आधार माना जावेगा।

3.45 इस वित्तीय प्रपत्र में निविदाकर्ता को सर्विस चार्ज सफाईकर्मी (अकुशल श्रेणी) एवं सुपरवाईजर (कुशल श्रेणी) को मिलने वाले उस माह के कलेक्टर दर के हिसाब से भुगतान की जाने वाली कुल राशि तथा वीकली रेस्ट के आधार पर भुगतान की जाने वाली कुल राशि के योग में ई.पी.एफ., ई.एस.आई.सी., बोनस, सफाई सामग्री, मशीनों आदि के व्यय को मिलाकर आने वाली कुल राशि पर सर्विस चार्ज के प्रतिशत को अंकित करना होगा। मात्र सर्विस चार्ज प्रतिशत में अंकित करना होगा। निविदाकर्ता द्वारा शून्य सेवा शुल्क उल्लेखित किए जाने पर निविदा अमान्य की जावेगी। सफाईकर्मी एवं सुपरवाईजर का सर्विस चार्ज की दर एक ही होना चाहिए।

3.46 श्रम की दर प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि तत्समय लागू दरों के अनुसार भुगतान किया जावेगा।

3.47 कलेक्टर द्वारा समय–समय पर सफाईकर्मी (अकुशल श्रेणी) एवं सुपरवाईजर (कुशल श्रेणी) की निर्धारित दरों के हिसाब से भुगतान किया जावेगा।

Officer (Store)
University, Bhopal

# परिसर की साफ–सफाई व्यवस्था हेतु ई–निविदा वर्ष 2018

प्रपत्र–1

निविदाकर्ता फर्म के पास वर्तमान में कार्यरत सफाईकर्मी एवं सुपरवाईजर आदि की जानकारी
निविदाकर्ता फर्म का नाम-------------------------------------------------------------------
पताः-------------------------------------------------------------------------------

| सं.क्र. | सफाईकर्मी का पदनाम | संख्या | कुल वेतन |
|---|---|---|---|
| 01 | सफाईकर्मी | | |
| 02 | सुपरवाईजर | | |

फर्म की अधिकृत हस्ताक्षर सील सहित

Section Officer (Store)
Barkatullah University, Bhopal

प्रपत्र–2

निविदाकर्ता फर्म की जानकारी तथा घोषणा पत्र

| सं.क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | निविदाकर्ता फर्म का नाम | |
| 02 | कार्यालयीन पता | |
| 03 | दूरभाष नम्बर | |
| 04 | मोबाईल नम्बर | |
| 05 | ई–मेल आई.डी | |

## घोषणा पत्र

**मेरे /हमारी संस्था** द्वारा निविदा में दिए गए सभी नियम / शर्तों का सावधानीपूर्वक **अध्ययन कर लिया गया है एवं निविदा** की शर्तों के **अधीन** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में सफाई **व्यवस्था** का **कार्य करने हेतु अपनी** सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर सील **सहित**

प्रपत्र–3

**शपथ पत्र का प्रारूप**

(रू. 1000=00 के गैर न्यायिक मुद्रांक / नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पर प्रस्तुत करें)

मैं————————————पुत्र/पुत्री————————————उम्र————
पता————————————————————————————
————————————————————————————————

शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं कि–

(1) मैं निविदाकर्ता संस्था————————————(फर्म/कम्पनी/समिति का नाम) का ————————————(एकल स्वामी / साझेदार / संचालक / मैनेजर/अधिकृत प्रतिनिधि) हूं तथा यह संस्था वर्तमान में वैधानिक रूप से पंजीकृत है। जिसके पंजीकृत कार्यालय का पता————————————है।

(2) मैंने निविदा प्रपत्र को पूर्ण रूप से पढ़ एवं समझ लिया है तथा उसमें वर्णित समस्त शर्तें मुझे तथा मेरी संस्था को मान्य है।

(3) निविदा में वर्णित सभी कार्यों को सम्पादित करने के लिए मेरे / मेरी संस्था के पास समस्त आवश्यक वैधानिक अनुज्ञप्तियां, पंजीकरण तथा स्वीकृतियां प्राप्त हैं।

(4) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था / उपक्रम से कभी भी ब्लेकलिस्टेड नहीं किया गया हैं।

(5) यह कि फर्म का खरीदी क्रय सम्बन्धी कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लम्बित नहीं है।

(6) यह कि फर्म पर किसी शासकीय संस्था/उपक्रम की देनदारी शेष नहीं है।

(7) मेरे / मेरी संस्था द्वारा निविदा प्रपत्र अथवा शपथ पत्र में दी गई सभी जानकारियाँ पूर्णतः सत्य एवं प्रमाणित है किसी भी जानकारी के असत्य पाये जाने पर मेरे / हमारे द्वारा प्रस्तुत निविदा निरस्त किया जाना मान्य होगा तथा हमारे द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा जप्त किया जाना मुझे/हमारी संस्था को मान्य होगा।

स्थान :————————
दिनांक:————————

शपथग्रहीता

नाम————————
पता————————

1. गवाह का नाम एवं पता————————

2. गवाह का नाम एवं पता————————

प्रपत्र–4

सफाई व्यवस्था के क्षेत्र में पिछले तीन वित्त वर्षों (2016–17, 2015–16, 2014–15) में अनुभव की जानकारी :–

निविदाकर्ता फर्म का नाम:————————————————————

पता:————————————————————

————————————————————

| क्रं. | वर्ष | संस्था का नाम जहाँ सफाई व्यवस्था संबंधी कार्य किया है। | अवधि | | कुल लगाये वर्ष एवं माह | सफाईकर्मियों की संख्या | वार्षिक देयक राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनांक से | दिनांक तक | | | |
| 01 | 2014–15 | | | | | | |
| 02 | 2015–16 | | | | | | |
| 03 | 2016–17 | | | | | | |

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

प्रपत्र–6

## अंकेक्षित लेखों का सारांश

(रू. 1000–00 के नॉन ज्यूडीशियल स्टाम्प पर प्रस्तुत करें)

प्रमाणित किया जाता है कि मेसर्स————————————————————

पता————————————————————

के विगत तीन वर्षों के अंकेक्षित लेखों एवं आयकर विभाग को प्रस्तुत आयकर विवरणियों की जांच मेरे द्वारा की गई। अंकेक्षित लेखों के अनुसार निविदाकार का समान प्रकृति के कार्य अर्थात् (सफाई व्यवस्था के कार्य का) का आवर्त (टर्न ओवर) इस प्रकार है:–

| क्रमांक | वर्ष | राशि (शब्दों में) | राशि (अंकों में) |
|---|---|---|---|
| 01 | 2016–17 | | |
| 02 | 2015–16 | | |
| 03 | 2014–15 | | |

टीप:– शब्दों एवं अंकों में राशि का अंतर होने पर शब्दों की राशि को प्रमाणिक माना जाएगा।

उपर्युक्त आवर्त की गणनाएं मेरे द्वारा स्वयं जांची गई हैं। जिसे प्रशासन बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की निविदा शर्तों के अनुसार वांछित शर्त के रूप में प्रमाणित करता हूं।

स्थान:————————

दिनांक:————————

चार्टर्ड लेखाकार का नाम:————————

फर्म का पदमुद्रा:————————

शपथग्रहिता

प्रपत्र–6

## घोषणा पत्र

(श्रम कानून के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने के संबंध में)

मैं--------------------अनुज--------------------सफाई कार्य के लिए बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में निविदाकार हूं। मैं यह घोषित करता हूं कि हमारी संस्था द्वारा यदि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में कार्य किया जाएगा तो हमारी संस्था द्वारा सभी श्रम कानूनों का पालन करते हुए निर्धारित अन्य विधिक प्रावधानों के अनुरूप सुविधाएं अपने कर्मचारियों को प्रदान की जाएगी इसके संबंध में किसी भी प्रकार के कानून / नियम / विधिक प्रावधान का उल्लंघन होने पर हमारी संस्था ही उसके लिए जिम्मेदार होगी।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

स्थान:--------------------
दिनांक:--------------------

नाम:--------------------
पता:--------------------

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## विश्वविद्यालय परिसर की सफाई व्यवस्था हेतु वित्तीय निविदा प्रपत्र

| | |
|---|---|
| निविदाकर्ता संस्थान का नाम | |

| क्र. | विवरण | संस्था द्वारा लिए जाने वाले सर्विस चार्ज की दर अंकों में एवं शब्दों में (प्रतिशत में) |
|---|---|---|
| 1 | सभी सफाईकर्मियों एवं सुपरवाईजर के कलेक्टर द्वारा निर्धारित मासिक भुगतान की दर एवं वैकल्पिक पेस्ट की गणना के हिसाब से भुगतान की जाने वाली कुल राशि के आधार पर फर्म द्वारा लिया जाने वाले सर्विस चार्ज की दर | |

Section Officer (Store)
Barkatullah University, Bhopal

कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल (म0 प्र0)

क्रमांक /255/ रा0वि0स0-2/2017 भोपाल,दिनांक25/04/2017

// आ दे श //

मैं निशांत वरवड़े, कलेक्टर जिला भोपाल, म0प्र0 वित्तीय नियमावली भाग-2 के परिशिष्ट-6 के नियम 43 के प्रावधानों एवं म0प्र0 शासन श्रम विभाग इन्दौर (म0प्र0) की अधिसूचना क्रमांक-1/11/अन्वे0/पांच/2016/10642-10741 इंदौर दिनांक 01/04/2017 के अनुसार इस आदेश के द्वारा भोपाल जिले के दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों हेतु मजदूरी दरें दिनांक 01/04/2017 से 30/09/2017 तक के लिये निम्नानुसार निर्धारित करता हूँ-

अनुसूची "क"

मध्यप्रदेश के विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के मासिक वेतन एवं दैनिक वेतन की दरें जिसमें परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता सम्मिलित है (आंकड़ों में)।

(30 दिवस के मान से)

| श्रमिकों का वर्ग | न्यूनतम मूल वेतन | | परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता | | कुल वेतन | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन | प्रतिमाह | प्रतिदिन |
| अकुशल | 6950.00 | 231.66 | 625.00 | 20.83 | 7125.00 | 237.50 |
| अर्धकुशल | 7807.00 | 260.23 | 925.00 | 30.83 | 7882.00 | 266.10 |
| कुशल | 9185.00 | 306.16 | 925.00 | 30.83 | 9360.00 | 312.00 |
| उच्च कुशल | 10435.00 | 340.60 | 925.00 | 30.83 | 10660.00 | 355.33 |

विशेष टीप:-

1. उपर्युक्त सूची-क में निर्धारित दैनिक वेतन की दरें 30 दिवस से विभाजित कर निर्धारित की गई हैं। इसलिए सभी कर्मचारियों एवं श्रमिकों को वेतन सहित साप्ताहिक अवकाश देय होगा, अर्थात मासिक वेतन में से साप्ताहिक अवकाश के लिए कोई कटौती नहीं की जा सकती।

2. अकुशल, अर्धकुशल, कुशल श्रमिकों (कार्यों) का वर्गीकरण पूर्वानुसार ही रहेगा।

कलेक्टर
जिला भोपाल

//2//

पृ0क्रमांक/257/रा0वि02/2017 भोपाल, दिनांक 25/04/2017

प्रतिलिपि :-

1. महामहिम राज्यपाल महोदय के सचिव म0प्र0राजभवन भोपाल।
2. सचिव म0प्र0 शासन सा0प्र0वि0 भोपाल।
3. सचिव माननीय मुख्यमंत्री म0प्र0 शासन भोपाल
4. सचिव म0प्र0 शासन गृह विभाग,भोपाल।
5. सचिव म0प्र0 शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग।
6. सचिव म0प्र0 शासन राजस्व विभाग भोपाल।
7. प्रमुख राजस्व आयुक्त, कार्यालय म0प्र0 भोपाल।
8. सचिव म0प्र0 शासन विधि एवं विधायी कार्य विभाग भोपाल।
9. सचिव म0प्र0 शासन लो0नि0वि0 भोपाल।
10. सचिव म0प्र0 शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भोपाल।
11. सचिव म0प्र0 शासन वित्त विभाग भोपाल।
12. सचिव म0प्र0 शासन सिंचाई विभाग भोपाल।
13. सचिव म0प्र0 शासन वन विभाग भोपाल।
14. सचिव म0प्र0 शासन कृषि विभाग भोपाल।
15. सचिव म0प्र0 शासन श्रम विभाग भोपाल।
16. सचिव म0प्र0 शासन पंचायत एवं समाज सेवा विभाग भोपाल।
17. सचिव म0प्र0 शासन महिला एवं बाल विकास विभाग।
18. उपसचिव म0प्र0 विधानसभा सचिवालय भोपाल।
19. महालेखाकार म0प्र0 शासन ग्वालियर।
20. नेशनल ज्यूडिशियल की अकादमी भदभदा रोड भोपाल मोबा नम्बर-9425601212
21. राहत आयुक्त म0प्र0 भोपाल।
22. सचिव मानव अधिकार आयोग म0प्र0 भोपाल।
23. सचिव महिला आयोग म0प्र0 भोपाल।
24. लोकायुक्त कार्यालय भोपाल।
25. आयुक्त भोपाल संभाग भोपाल।
26. आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ग्वालियर।
27. श्रम आयुक्त म0प्र0 इन्दौर।
28. सचिव स्थानीय शासन विभाग भोपाल।
29. सचिव नगरीय कल्याण विभाग।
30. सचिव म0प्र0 शासन आदिम जाति कल्याण विभाग।
31. उप श्रम आयुक्त म0प्र0 भोपाल।
32. संचालक म0प्र0 भोपाल।
33. पंजीयक फर्म्स एवं संस्थायें म0प्र0 पंजीयक सहकारी संस्थायें भोपाल।
34. प्रमुख अभियंता लो0नि0वि0/सिंचाई जल संसाधन लोक स्वा0 एवं यां0 विभाग।
35. नियंत्रक शासकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री म0प्र0 भोपाल।
36. नियंत्रक नाप तौल विभाग।
37. महानिदेशक पुलिस/महानिदेशक जेल/महानिदेशक होमगार्ड भोपाल।
38. महाप्रबंधक राज्य सड़क परिवहन निगम भोपाल।
39. समस्त जिला स्तरीय जिला कार्यालय भोपाल।
40. समस्त प्रभारी अधिकारी जिला भोपाल।
41. अनुविभागीय अधिकारी जिला भोपाल।
42. जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र भोपाल।
43. तहसीलदार समस्त जिला भोपाल।
44. विकास खंड अधिकारी फंदा/बैरसिया।

कृपया आप अधीनस्थ अधिकारियों को उपरोक्त नवीन आदेश की प्रतिलिपि अपने कार्यालय से भेजने का कष्ट करें।

कलेक्टर